

# सर्द हवाओं से ठिठुरी रात, दिन का पारा भी गिरा

## नए साल के आगमन तक वर्षा की संभावना नहीं

नवभारत न्यूज

**सतना 28 दिसंबर. उत्तरी पहाड़ों से आ रही सर्द हवाओं ने विंध्य को कुछ इस कदर जकड़ा हुआ है कि एक ओर जहां रात के तापमान में लगातार गिरावट बनी हुई है वहीं दूसरी ओर दिन का पारा भी सामान्य से नीचे बना हुआ है.**

हलांकि उत्तरी पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने को है. लेकिन उसका असर फिलहाल विंध्य पर पड़ता नजर नहीं आ रहा है. मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को शहर में न्यूनतम



तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. यह न्यूनतम तापमान न सिर्फ इस मौसम में अब तक का सबसे कम आंका गया. बल्कि यह सामान्य की तुलना में 1.7 डिग्री कम पाया गया. इस सर्दीली रात का सीधा असर दिन ममें भी देखने को मिला. जिसके चलते दिन का अधिकतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ. रविवार को दर्ज अधिकतम तापमान न सिर्फ सामान्य की तुलना में 1.2 डिग्री कम आंका गया बल्कि पिछले 24 घंटे में इसमें 0.4 डिग्री सेल्सियस की कमी देखने को मिली. इस जबरदस्त ठंड की वजह से सुबह के 8:30 बजे तक कोहरे का असर भी बना रहा. हलांकि मॉडरेट कोहरे की स्थिति के चलते दृश्यता 1 से लेकर 2 किमी के बीच बनी रही. कोहरा हलांकि शहर में अपेक्षाकृत कम नजर आया. लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में यह अपेक्षाकृत अधिक घना बना रहा.

### और नीचे जा सकता है तापमान

मौसम विभाग के अनुसार हलांकि सोमवार से उत्तरी पहाड़ों पर एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने वाला है. लेकिन उसका असर फिलहाल विंध्य पर पड़ने की संभावना कम ही नजर आ रही है. लिहाजा वर्ष की समाप्ति से लेकर नए वर्ष के आगमन तक वर्षा जैसी स्थिति की संभावना बनती फिलहाल नजर नहीं आ रही है. लिहाजा जब तक न्यूनतम तापमान के और भी नीचे गिरने की संभावना बनी रहेगी.



# ट्रांसफार्मर में लगी आग की चपेट में आई 2 कार खाक

## बीती रात तीन बजे की घटना

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 दिसम्बर. शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित हनुमान चौक के पार्किंग एरिया में लगे ट्रांसफार्मर में शनिवार देर रात अचानक आग लग गई। इस घटना में पार्किंग में खड़ी दो कारें जलकर खाक हो गईं। आग लगने का समय रात करीब 3 बजे बताया जा रहा है।**

एक अर्टिगा, एक ऑल्टो कार थी, दोनों जलकर खाक हो गईं। इनकी कीमती लगभग 20 लाख रुपए थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारियों और लपटों ने कुछ ही पलों में कारों को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक आसपास के लोगों को आग लगने की जानकारी मिली, तब तक लपटें इतनी विकराल हो चुकी थीं कि फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही कारें पूरी तरह जल चुकी थीं।

### घंटों मशक्कत के बाद पाया काबू

सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक दोनों कारें पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थीं। ट्रांसफार्मर में आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी मिलते ही बिजली कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं। उन्होंने मेंटेनेंस का काम शुरू किया।



# घर में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

## प्रकरण दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

**सतना 28 दिसंबर. मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र. 10 में रविवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव घर में फंदे पर लटका नजर आया. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना व पूछताछ शुरु कर दी गई है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरपाटन के वार्ड क्र. 10 में रहने वाले एक विश्वकर्मा परिवार के पैरों तले उस वक्त जमीन खिसक गई जब उन्होंने अपने बेटे निखिल विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष को कच्चे मकान में फंदे पर लटके हुए देखा. यह देख एक ओर जहीीं परिजनों के बीच कोहराम मच गया. वहीं मोहल्ले के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई. घटना की सूचना मिलने पर अमरपाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई. पुलिस द्वारा फंदे पर लटक रहे युवक के शव की पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए अमरपाटन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेंज दिया गया. पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में परिजनों ने बताया कि निखिल महाराष्ट्र के पुणे में रहकर काम करता था. लगभग दो महीने पहले ही वह वहां से लौट कर घर आया था. बताया गया कि पुणे में काम करने के दौरान निखिल ने जो भी पैसे कमाए थे उसमें कुछ रकम उसने अपने दोस्तों को उधार दे दी और शेष रुपए खर्च हो गए. घर की माली हालत को देखते हुए यह जानकारी सामने आने पर पिता द्वारा निखिल को फटकार लगाइ गई थी. वहीं उक्त घटना के अगले दिन निखिल का शव फंदे पर लटकता पाया गया. पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है. लेकिन विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट के जरिए ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा. वहीं परिजन सहित अन्य लोगों से घटना के पीछे के कारणों को जानने का प्रयास किया जा रहा है.

# सूने घर पर धावा बोल लाखों का सामान-नकदी चोरी

▸ बाइक भी नहीं छोड़ी, शहर के टिकुरिया टोला क्षेत्र की घटना

नवभारत न्यूज

**सतना 28 दिसंबर. शहर के टिकुरिया टोला क्षेत्र में स्थित एक सूने घर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए वहां पर रखी 1.57 लाख रु की नकदी समेत कीमती इलक्ट्रानिक गजेट्स और मोटरसाइकिल जैसे लाखों के सामान पार कर दिए. पीड़ित की शिकायत के अधार पर पुलिस द्वारा जांच-कार्रवाई का आश्वासन दिया जा रहा है.**



कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत टिकुरिया टोला बाइपास वार्ड क्र. 37 के निवासी शुभम गुप्ता अपनी पत्नी रंजना और परिवार के साथ मथुरा गए हुए थे. उनके सूने घर को देखते हुए शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया. शनिवार की सुबह उनके घर का ताला टूटा देख पड़ोसियों द्वारा शुभम को सूचना दी गई. जिसके चलते रविवार की सुबह सतना पहुंचने पर शुभम ने पाया कि एक ओर जहां घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है. वहीं दूसरी ओर घर के अंदर का सारा सामान इधर उधर बिखरा हुआ है. वहीं बक्से और आलमारी में रखा सारा कीमती सामान गायब हो चुका था. जिसे देखते हुए शुभम द्वारा चोरी की शिकायत कोलगवां थाने में की गई.

शुभम के अनुसार उनके घर में रखी 1 लाख 57 हजार रक की नकदी, 2 ड्रोन, एक एम3 कैमरा, एक 7500 फोटो कैमरा, एक 7000 कैमरा, एक एनएक्स वीडियो कैमरा, एक 200 कैमरा, एक लैपटॉप, एक हार्डडिस्क, 3 बोरी शादी के नए बर्तन, चांदी का ब्रेसलेट और एक डिस्कवर मोटरसाइकिल क्र. एमपी 19 एमएच 3040 को अज्ञात चोर अपने साथ ले गए. पीड़ित की शिकायत के आधार पर कोलगवां पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है.

# बरहिया से देर रात 17 बकरियों की चोरी

नवभारत न्यूज

**सतना/मैहर, 28 दिसम्बर. जिले में बकरी चोरी का एक ताजा मामला सामने आया है। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है, जिसकी जानकारी बकरी मालिक को रविवार सुबह हुई। आसपास काफी तलाश के बाद जब कोई सुराग नहीं मिला तो मामले की सूचना थाने में दी गई।**

घटना मैहर जिले के नादन देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरहिया की है। यहां निवासी विष्णु प्रसाद नटवेरिया ने बताया कि उन्होंने रात में अपनी 17 बकरियों को घर के बाहर बाड़े में बांधकर रखा था, जबकि 9 बच्चे (छोटे बकरे-बकरियां) मकान के अंदर



बंधे हुए थे। सुबह उठकर देखा तो बाहर बंधी सभी 17 बकरियां गायब थीं। पीड़ित के अनुसार वे करीब दो पीढ़ियों से बकरी पालन का काम करते आ रहे हैं, लेकिन इस तरह की घटना पहली बार हुई है। चोरी गई बकरियों की अनुमानित कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलने पर गांव वालों के साथ बकरी मालिक ने नादन देहात थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के इलाकों में जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

# सड़क किनारे बैठे दो को बाइक ने ठोका

नवभारत न्यूज

**सतना/मैहर, 28 दिसम्बर. जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत मौहट गांव में सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब सड़क किनारे बैठे दो ग्रामीणों को तेज रफ्तार बाइक सवारों ने टक्कर मार दी।**

घायलों की पहचान रविनाथ केवट और रामभुवन कोल के रूप में हुई है। दोनों सड़क किनारे बैठे हुए थे, तभी एक ही बाइक पर सवार तीन युवक, जो कथित तौर पर शराब के नशे में थे, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए काम से घर लौट रहे थे। बाइक सवारों ने पहले सड़क किनारे चल रहे रामभुवन कोल को सीधी टक्कर मारी, जिसके बाद बाइक



अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बैठे रविनाथ केवट पर गिर गई।

हादसे में रविनाथ केवट को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि रामभुवन कोल भी घायल हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर 112 डायल सेवा के माध्यम से दोनों घायलों को अमरपाटन सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अमरपाटन थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एकैडमिक हाइट्स में वार्षिक खेलकूद का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 दिसम्बर. अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल, सतना में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ किया गया। विद्यालय प्रांगण विद्यार्थियों की ऊर्जा, उमंग एवं खेल कौशल से गूंज उठा।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन श्री शम्मी पुरी तथा विशिष्ट अतिथि निर्देशक सीए



सनातन अग्रवाल रहे। कार्यक्रम की गरिमा विद्यालय की प्राचार्या डॉ. हिमानी सिंह एवं उप-प्राचार्य श्री संजीव सिंह सेंगर की उपस्थिति से और भी बढ़ गई। खेल प्रतियोगिताओं में 100, 200 एवं 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक तथा लड़कियों एवं लड़कों के बीच रस्साकशी (फाइनल) का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के साथ अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय दिया। हाउस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मोटिवेटर्स हाउस को हाउस ऑफ द ईयर घोषित किया गया। इसके हाउस मास्टर श्री अम्बुज सिंह, हाउस कैप्टन पार्थ देव सिंह तथा स्पोर्ट्स हेड वैभव सिंह रहे।



# नेत्र शिविर में 250 मरीजों की हुई जांच

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 दिसम्बर. अग्रवाल समाज एवं श्री सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर रविवार 28 दिसंबर को समाजसेवी घनश्याम दास गोयल के संयोजन एवं मार्गदर्शन में अमृत वाटिका में प्रातः 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 1 बजे तक चला।**

शिविर का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन जी एवं स्वामी रणछोड़ दास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर चित्रकूट से पधारे पंडित भीषम शुक्ला, घनश्याम गोयल, नरेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, चाचा मोहनलाल अग्रवाल, शंकर प्रसाद अग्रवाल, गोरखनाथ अग्रवाल, मनीष गोयल, राघव गोयल, चाचा हामिद खान, वरुण भट्टाचार्य, सुखेंद्र सिंह आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

संपन्न हुए नेत्र शिविर में 250 मरीजों की नेत्र जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया एवं चश्मा के नंबर जांच कर सुनिश्चित किए गए तथा जांच के दौरान 98 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन एव लैंस प्रत्यारोपण हेतु श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट संस्था वाहन से पहुंचाए गए।



# गरिमा कॉन्वेंट स्कूल में 'तरंग 2025' का आयोजन

## मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सांसद

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 दिसम्बर. शहर के गरिमा कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक समारोह 'तरंग 2025' का भव्य और आकर्षक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्सव, उमंग और रचनात्मकता के रंगों से सराबोर नजर आया।**

समारोह में विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतना संसदीय क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह रहे। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि शिक्षा ऐसा क्षेत्र है, जिसका जितना भी विस्तार किया जाए, वह कम है। किसी भी नागरिक के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। जो व्यक्ति पढ़-लिख नहीं पाता, उसका जीवन अधूरा रह जाता है। आज जब दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही है, ऐसे समय में वही बच्चे भविष्य की चुनौतियों का सामना कर पाएंगे, जिन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि चाहे सरकारी विद्यालय हों या निजी स्कूल, सभी का लक्ष्य एक ही है कि समाज के हर वर्ग तक अच्छी शिक्षा पहुंचे।

# कवि सम्मेलन कल

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 दिसम्बर.** विन्ध्य के प्रवेश द्वार प्रभू श्रीराम की तपोभूमि माई शारदा के चरणों में स्व. रामप्रताप द्विवेदी स्मृति साहित्य संस्था सतना के बैनर तले कवि के.जी. द्विवेदी खुशदिल के जन्म दिवस 30 दिसम्बर को विक्रम सिंह विक्की भइया विधायक रामपुर बाघेलान के मुख्य अतिथ्य में कमलेश गुप्ता अध्यक्ष वैश्य परिषद् सतना एवं वरिष्ठ समाजसेवी सूर्यनाथ सिंह गहरवार के विशिष्ट अतिथ्य में देश के नामजद कवि डा. रामसरोज द्विवेदी शांतिदूत रीवा, कवि सोहनलाल शर्मा राजस्थान के कुशल संचालन में सरस्वती आवासायी विद्यापीठ रोड उतैली स्थित शुभकामना पैलेस में द्वितीय वर्षीय अधिवेशन कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया है.कार्यक्रम के आयोजक एवं साहित्य मंच के संस्थापक के.जी. द्विवेदी ने मीडिया को बताया कि 30 दिसम्बर को देश के विभिन्न प्रांतों से 40 कवि कावित्रियों का जमावड़ा सतना में होगा.

# चली आऊंगी सब कुछ छोड़ के एक आवाज दे देना

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 दिसम्बर. विन्ध्य चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा विन्ध्य व्यापार मेला के दषवें दिन सांस्कृतिक मंच मे आज रविवार को वृहद कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ जिसमे सुप्रसिद्ध कवियित्री अनामिका जैन अम्बर एवं उनकी टीम द्वारा सभी को भाव विभोर किया गया।**

कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे सीमा अग्रवाल जी अध्यक्ष अंकुरण तरू, सुमित अग्रवाल अग्रसेन क्लब, हरिओम गुप्ता वैष्य समाज, संजय गुप्ता गहोई वैष्य समाज, पुष्पराज सिंह




क्षत्रिय समाज, नीरज सिंह क्षत्रिय समाज, कल्लु जायसवाल जायसवाल समाज, प्रदीप सक्सेना कायस्थ समाज, अमित सोनी स्वर्णकार समाज, कैलाष सोनी स्वर्णकार समाज, अनिल दाहिया दहिया समाज, नरेष चैरसिया चैरसिया समाज, षिवम बडेरिया माली समाज, जितिन यादव यादव समाज, श्याम सुंदर साहू समाज, अनिल ताम्रकार ताम्रकार समाज, मलविंदर सोईन पंजाबी समाज, अग्रवाल महिला मण्डल समाज, राधिका गुप्ता कषौधन वैष्य समाज, विनोद गुप्ता गहोइ वैष्य पंचायत, राजेन्द्र गुप्ता, खरे केषरवानी समाज, महिला वैष्य परिषद, केषरवानी महिला मण्डल, पंचमलाल गुप्ता कान्यकुब्ज वैष्य समाज, विष्वनाथ गुप्ता मथुरा माहुले वैष्य समाज, शैलेन्द्र नेमा नेमा वैष्य समाज, रामचरण गुप्ता बागेष्वर कषौधन वैष्य समाज, उमेष लौहिया हढ़ ओमर वैष्य समाज, राजकुमार अयोध्यावासी वैष्य समाज की टीम का सम्मान किया गया।

## एक नजर में



### दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप ने तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया

**सतना।** वैशालीनगर इन्दौर के लगभग 40 तीर्थयात्री शास्वत तीर्थ सम्मेदशिखर जी की यात्रा करके इन्दौर वापिस लौट रहे यात्रियों का सोशल ग्रुप सतना मैन के सदस्यों ने रेल्वे स्टेशन पर स्वागत, सत्कार किया। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संयुक्त महा सचिव देवेंद्र मधु छाबड़ा राष्ट्रीय सचिव दिनेश सविता जैन, सन्मति ग्रुप इन्दौर के संरक्षक संजय जैन एवं वैशाली समाज के बन्धुओं का सम्मान सतना मैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष सतीश जैन, पूर्व अध्यक्ष श्याम जैन, वरिष्ठ सदस्य विजय भाई, गौरव सेठ, डॉक्टर अजित जैन आदि ने किया।

### दवा प्रतिनिधियों की आमसभा आयोजित

**सतना।** दवा प्रतिनिधियों की आम सभा का आयोजन स्थानीय महामाया होटल में




किया गया जिसमें राज्य सचिव कॉम वीरेंद्र सिंह रावल विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए। बैठक की शुरुआत सतना इकाई अध्यक्ष कॉम राकेश सिंह परिहार ने राज्य सचिव का स्वागत कर किया। सभा को आगे बढ़ाते हुए सचिव कॉम जितेंद्र मिश्रा ने दवा प्रतिनिधियों के संघर्ष, नौकरी की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। राज्य सचिव कॉम वीरेंद्र सिंह रावल ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि ट्रेड यूनियन एक्ट के तहत I पंजीकरण 28 दिसंबर 1963 को हुआ था और एक ऐसा संगठन है जो श्रमिक हितों में लगातार कार्य कर रहा है,

### लायंस क्लब ने कम्बल बांटे

**सतना।** अंतरराष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स द्वारा



पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी के ज्येष्ठ भ्राता स्व. राकेश कुमार त्रिपाठी की जयंती पर श्री शिव शक्ति कष्टहरण हनुमान जी मंदिर चांदमारी रोड धवारी में ज़रूरतमंदों को 11 कम्बल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आलोक त्रिपाठी, रामदास शुक्ला, मिथलेश पाण्डेय, सुकीर्त त्रिपाठी,